हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

04 मेघनाद ने चलाया शक्तिवाण संजीवनी से...



09 हर प्रोजेक्ट की बने पूरी टाइमलाइनः सिंधिया





## समाचार संक्षेप

### कोतवाली पुलिस ने पकड़ा अवैध पटाखा निर्माण दो युवक गिरफ्तार, आठ कट्टे देशी पटाखे जब्त

**गुना ।** दीपावली से पहले पुलिस ने शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पटाखों का निर्माण और भंडारण करने वाले दो युवकों को पकड़ा है। मौके से भारी मात्रा में देशी पटाखे जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बिना लाइसेंस विस्फोटक सामग्री रखने के आरोप में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि उदासी आश्रम के पीछे जाट मोहल्ला स्थित राजा मंसूरी के घर में उसका बेटा ईशान मंसूरी और भतीजा इरफान मंसूरी अवैध रूप से पटाखों का निर्माण और भंडारण कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेरकर पकड़ लिया गया।पुलिस ने पूछताछ में दोनों से घर के तलघर की जांच की, जहां सफेद रंग के आठ कट्टों में स्वनिर्मित देशी पटाखे रखे मिले। प्रत्येक कट्टे में 40-40 पैकेट पटाखे भरे हुए थे। जब उनसे पटाखे रखने या बेचने का लाइसेंस मांगा गया, तो वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। पुलिस ने मौके से सभी आठ कट्टे पटाखों को जप्त कर लिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों ईशान मंसूरी (19) और इरफान मंसूरी (18) निवासी जाट मोहल्ला गुना के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख) और बीएनएस की धारा 288 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### फ्रेंड्स कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी, सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार

**गुना ।** कैंट थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालकिन रिश्तेदारी में गई हुई थी, इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादिया रोशनी शर्मा पत्नि स्व. राकेश शर्मा निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी गुना ने बताया कि 11 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर का ताला लगाकर रिश्तेदारी में गई थीं। 13 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे उनके परिचित देवेन्द्र यादव का फोन आया कि उनके घर के ताले टूटे पड़े हैं। यह सुनकर वे रात करीब 8 बजे घर लौटीं तो देखा कि मेनगेट और कमरे के ताले टूटे हुए थे तथा घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जब उन्होंने सामान की जांच की तो एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक लेडीज अंगूठी, चांदी की चूड़ियां और सिक्के, एक जोड़ी पायल और करीब 10 हजार रुपये नकद गायब मिले। इसके बाद उन्होंने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, जिसमें 13 अक्टूबर की रात करीब 2:30 बजे अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसते और चोरी करते दिखाई दिए। कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अधिकारियों ने ली कंट्रोल संचालकों की बैठक, उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुकानदार को किया जाएगा सम्मानित

**आरोन।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार . कन्याल के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे के मार्गदर्शन में नए सहायक कनिष्ठ अधिकारी आशीष चतुर्वेदी की मौजूदगी में तहसील आरोनके समस्त कंट्रोल संचालक ब सेल्समैन की बैठकतहसील । परिसर के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई जिसमें अधिकारी और दुकानदार के बीच महत्वपूर्ण विषयों पर। विचार विमर्श किया गया एवं नई पात्रता पर्चियां की ईकेवाईसी करने के लिए अधिकारियों ने दिशा निर्देश कंट्रोल संचालकों को जारी किया इस बैठक में अक्टूबर माह में राशन वितरण की समीक्षा की गई एवं दिवाली पर्व से पहले 100% राशन वितरण करने के लिए कंट्रोल संचालकों को निर्देशित किया गया जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे ने दुकानदारों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित करने की बात कही और नई पात्रता पर्ची उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर देने के लिए कहा गया प्रत्येक मांहनिगरानी समिति की बैठक बुलाई जाए और निर्धारित समय अवधि मैं। राशन वितरण किया जाएसहायक कनिष्ठ अधिकारी आशीष चतुर्वेदीने कंट्रोल संचाल कौ से समय पर दुकान खोलने ई केवाईसी करने की अपील की एवं दुकानदारों से खराब पाओसमशीन की जानकारी से अवगत करने की बात कही इस बैठक में कंट्रोल संचालक श्रीमती अनीता जैन धर्मवीर रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, हेमंत जोशी,दिनेश जैन रणवीर जाटव कंप्यूटर ऑपरेटर. वेयरहाउस केंद्र प्रभारी बलवीर सिंह यादव एवं समस्त ग्रामीण सेल्समैन मौजूद रहे।

# तंत्र-मंत्र के शक में अधेड़ की गला घोंटकर की गई थी हत्या

### फतेहगढ़ पुलिस ने तीन हत्यारोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई है। पुलिस ने तीनों हत्यारोपित गिरफ्तार कर जेल पहुंचाएं हैं। दरअसल ग्राम बलखण्डी में पेड़ पर संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मृतक मान सिंह भिलाला का शव मिला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर 25 को जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम बलखण्डी में एक खेत की मेड़ पर बहेड़ा के पेड़ पर एक व्यक्ति की लाश लटके होने की सूचना मिलने पर फतेहगढ़ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और लाश व घटना स्थल का बारीकी से मौका मौआयना किया । शव की पहचान मान सिंह पुत्र जुवान सिंह भिलाला निवासी ग्राम बरमन सोसायटी थाना फतेहगढ़ के रूप में हुई । प्रारंभिक जांच पर मृतक के सिर में चोट के निशान होकर खून बहना पाया गया, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हुई थी एवं पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई ।एसपी अंकित सोनी के द्वारा उक्त घटना को चुनौती के रुप में लिया और मामले में हर पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा किए जाने के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ मामले की गहनता से जांच की गई । प्रकरण की प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर, आंख व शरीर में अन्य जगह चोट के निशान पाए गए एवं घटनास्थल का मौका मुआयना करने पर मौके से कुछ जरूरी साक्ष्य जप्त किये गये । मृतक का पीएम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में डॉक्टर ने मृत्यु का कारण गला दबने से होना लेख किया । जांच के दौरान मृतक के परिजनों व अन्य साक्षियों के कथन लिए गए, जिसमें उनके द्वारा मृतक को अंतिम बार ओजम भिलाला, अमर सिंह भिलाला एवं मुकेश भिलाला निवासीगण ग्राम बरमन सोसायटी के साथ देखा जाना बताया। इन पर ही हत्या कर लाश को पेड़ पर लटकाने का शक व्यक्त करते हुए कि कहा कि इनके द्वारा मृतक पर तंत्र-मंत्र करने का आरोप लगाया जाता था और जो पूर्व में मृतक से विवाद भी कर चुके थे और उसे गांव छोडक़र जाने की धमकी देते थे । पुलिस ने जांच के दौरान तकनीकि उपकरणों की मदद ली गई। जिसमें मृतक एवं तीनों संदेहियों के बीच घटना से पूर्व लगातार संपर्क होना पाया गया । प्रकरण की संपूर्ण जांच में साक्षियों के कथनों एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ओजम भिलाला, अमर सिंह भिलाला व मुकेश भिलाला के द्वारा ही मान सिंह भिलाला की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका देना पाये जाने पर 15 अक्टूबर 25 को तीनों आरोपितों के विरूद्ध फतेहगढ़ थाने में अप.क्र. 260/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की । पुलिस द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गई और इसमें तत्परता से कार्यवाही करते हुए मात्र 20 घंटों के भीतर ही तीनों आरोपितों ओजम सिंह पुत्र वेल सिंह भिलाला, अमर सिंह पुत्र अन सिंह भिलाला एवं मुकेश पुत्र इंडा उर्फ लाल सिंह भिलाला निवासीगण ग्राम बरमन सोसायटी थाना फतेहगढ़ जिला गुना को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।



## ग्राम स्तर पर सेक्रेट्री या पटवारी योगी प्रशिक्षित होंगे

# कार्डियक अरेस्ट से लोगों की जान बचाने गांव-गांव तक पहुंच बनाने की कोशिश

*प्रत्येक गांव में एक व्यक्ति प्रशिक्षित हो जाए ग्राम स्तर पर सेक्रेट्री या पटवारी योगी प्रशिक्षित होंगे वह फिर गांव में इसका प्रशिक्षण देते रहेंगे ।*

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कार्डियक अरेस्ट से जान बचाने की तकनीकी पीसीआर का इन दिनों जिले में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है । रेड क्रॉस द्वारा चालू वर्ष में कोशिश की जा रही है कि प्रत्येक गांव में एक व्यक्ति प्रशिक्षित हो जाए ग्राम स्तर पर सेक्रेटरी या पटवारी योगी प्रशिक्षित होंगे वह फिर गांव में इसका प्रशिक्षण देते रहेंगे ।

इसके साथ ही प्रत्येक स्कूल में एक नोडल शिक्षकों की प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है ।जनपद पंचायत प्रांगण में ग्राम पंचायत सचिवों के लिए सीपीआर का प्रशिक्षण रेड क्रॉस द्वारा आयोजित किया गया प्रशिक्षण में सर्वप्रथम डॉ रामवीर सिंह सचिव द्वारा प्रशिक्षण का महत्व बताया गया की किस प्रकार इस विधि को सीखने के बाद कोई भी व्यक्ति समय आने पर अपने निकतस्थ व्यक्ति की जान बचा सकता है कार्डियक अरेस्ट जब होता है तब व्यक्ति के शुरू के दो या तीन मिनट ही बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जिनको गोल्डन मिनट बोलते हैं अगर इसी समय वहां पर प्रशिक्षित व्यक्ति ने सीपीआर कर दिया तो शत प्रतिशत जान बच जाएगी कार्डियक अरेस्ट से जो लोग बेहोश होते हैं बह बिल्कुल स्वस्थ व्यक्ति होते हैं उनको कोई बुखार या मिर्गी की शिकायत नहीं होती। तदुपरांत जिला चिकित्सालय के मेडिसिन के चिकित्सक डॉक्टर राहुल रघुवंशी द्वारा विस्तार से सीपीआर की तकनीक के बारे में जानकारी दी एवं एक सेक्रेटरी को टेबल पर लेट कर विधि भी प्रदर्शित की डॉ राहुल रघुवंशी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मिनट में 100 से लेकर 120 तक दाब देना है एवं प्रत्येक 30 दाब के बाद मुंह से दो बार सांस देना है इस प्रकार यह विधि बहुत सरल है और सभी को सीखना चाहिए क्योंकि यह जो हादसे होते हैं इनमें फिर बिल्कुल टाइम नहीं मिलता।

इस प्रकार रेड क्रॉस द्वारा चालू वर्ष में कोशिश की जा रही है कि प्रत्येक गांव में एक व्यक्ति प्रशिक्षित हो जाए ग्राम स्तर पर सेक्रेटरी या पटवारी योगी प्रशिक्षित होंगे वह फिर गांव में इसका प्रशिक्षण देते रहेंगे इसके साथ ही प्रत्येक स्कूल में एक नोडल शिक्षकों की प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है।




## कांग्रेस ने किया जिला अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन

### छिंदवाड़ा में कफ सिरप से बच्चों की मौत का कर रहे थे विरोध




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कांग्रेस द्वारा गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में रेडक्रास भवन के पास धरना प्रदर्शन किया गया। छिंदवाड़ा जिले में जहरीली कफ सिरप के सेवन से हुई मासूम बच्चों की दर्दनाक मौतों के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेसकमेटी के आह्वान पर ये प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया किमध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में प्रदेशभरमें यह विरोध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को गुना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा।यह धरना छिंदवाड़ा की दुखद घटना के विरोध में है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने न केवल इस घटना पर दुख जताया, बल्कि चिंता भी जताई कि मासूमों की दवाओं में इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है, जिससे बच्चे असमय मौत के मुंह में समा गए। सरकार और प्रशासन इस तरह की चूक लापरवाही कैसे करने दे सकते हैं, जिससे नौनिहालों की जिंदगी खतरे में पड़ जाए। वक्ताओं ने सरकार को भी घेरा और कहा कि ये गंभीर चूक और लापरवाही है। मामले में जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाना चाहिए।

# डाक गाड़ी से हो रही थी तस्करी, खाद्य विभाग ने 20 क्विंटल संदिग्ध मावा पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दीपावली से पहले खाद्य विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय डाक विभाग की पार्सल गाड़ी से करीब 20 क्विंटल संदिग्ध मावा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए बताई जा रही है। खाद्य निरीक्षक नवीन जैन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्वालियर से गुना डाक गाड़ी में मावा की तस्करी की जा रही है। टीम ने पीछा कर गाड़ी को रोका तो उसमें 40 कट्टे मावा के मिले।

विभाग ने मौके से दो लोगों को पकड़ा और मावा के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह मावा गुना और अशोकनगर के कुछ व्यापारियों के लिए भेजा जा रहा था। विभाग अब संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करेगा। दीपावली से पहले इस कार्रवाई से मावा व्यापारियों में हड़कंप मच गया है और विभाग ने ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी शुरू कर दी है।

### करंट से हुई थी भैंस-गाय की मौत युवक झुलसा, अमानक डोरी से बिजली लेने वाले दो पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र में 8 अगस्त 2025 को करंट लगने से एक युवक झुलस गया, जबकि उसकी एक भैंस और एक गाय की मौत हो गई थी। अब इस मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 और 125(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।मामला ग्राम चाचौड़ा के वार्ड नंबर 1 निवासी संतोष शर्मा का है, जिसने घटना के दिन थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने खेत पर पशु चराने जा रहा था। रास्ते में पानी से भरे कच्चे मार्ग पर बिजली की डोरी टूटी हुई पड़ी थी। उसी डोरी के संपर्क में आने से उसकी भैंस और गाय को करंट लगा, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। संतोष शर्मा ने डंडे से उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान उसे भी करंट लग गया और वह झटके से जमीन पर गिर गया। सूचना मिलने पर पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि लेखराम उर्फ नैनकराम और उमाशंकर, दोनों पुत्र नाथूलाल कुशवाह निवासी चाचौड़ा ने अमानक सफेद डोरी लगाकर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग किया था। इसी डोरी के टूटने से यह हादसा हुआ। वेटनरी अस्पताल चाचौड़ा से प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि मवेशियों की मौत करंट लगने से हुई है। वहीं संतोष शर्मा के मेडिकल परीक्षण में झुलसने के निशान पाए गए। जांच रिपोर्ट पूरी कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# चलते ट्रक से रस्से और तिरपाल काटकर की चोरी, आरआर केबल के 10 बॉक्स गायब

### गुना बायपास पर ट्रक से 10 बॉक्स माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई, जहां अज्ञात चोरों ने चलते ट्रक के पीछे से रस्से और तिरपाल काटकर माल पार कर दिया। घटना गुना बायपास पर चिंताहरण मंदिर के पास हुई। इस वारदात में ट्रक से आर.आर. केबल के करीब 10 बॉक्स चोरी हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर कैंट पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।फरियादी प्रेमनारायण पुत्र चतुरसिंह धाकड़ निवासी करई सुरवाया थाना सुरवाया जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट में बताया कि वह करण सिंह धाकड़ सेठ जी, शिवपुरी वाले की गाड़ी चलाता है। वह गत दिवस गुजरात सिलवासा से ट्रक क्रमांक MP09DH2297 में आर.आर. केबल का माल लेकर क्लीनर राजू खान के साथ लखनऊ जा रहा था। इस दौरान सुबह करीब 4 बजे जब वह गुना बायपास पर पहुंचा तो सड़क खराब होने से गाड़ी की स्पीड कम हो गई। इसी दौरान बगल से जा रहे एक अन्य वाहन चालक ने उसे बताया कि उसकी गाड़ी के पीछे रस्से और तिरपाल कटे हुए हैं। जब उसने गाड़ी रोककर देखा तो सच में रस्सी और तिरपाल कटे हुए मिले और पीछे रखे माल में से करीब 10 आर.आर. केबल के बॉक्स गायब थे। उसने तुरंत अपने मालिक करण सिंह धाकड़ को घटना की सूचना दी और खुद अपने स्तर पर चोरी गए माल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।इसी दौरान इमामउद्दीन खान निवासी गोपालपुरा मुरैना, जिसकी गाड़ी भी उसी मार्ग से जा रही थी, ने बताया कि रात करीब 2:30 बजे उसकी गाड़ी के भी रस्से और तिरपाल काट दिए गए थे और उसमें रखे कुछ दाल के कट्टे भी चोरी हो गए। दोनों चालक फिर साथ में कैंट थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।

## गुणवत्ता, पारदर्शिता और संस्कृति पर ध्यान देते हुए समयसीमा पर कार्यपूर्ण करने पर दिया विशेष जोर

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गुना के विकास कार्यों की वर्चुअली की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद श ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आज वर्चुअल माध्यम से गुना जिले में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में गुना शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, सौंदर्यीकरण, ट्रैफिक सुधार, पर्यटन एवं हेरिटेज क्षेत्रों के विकास संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका लुंबा, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, राजेन्द्र सिंह सलूजा, सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी गुना श्रीमति शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं प्र. सीएमओ मंजुषा खत्री एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा गुना शहर में संचालित प्रत्येक विकास कार्य का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, यातायात व्यवस्था को सुगम करना तथा सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित करना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊ सामग्री का उपयोग किया जाए तथा स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए योजनाएं क्रियान्वित की जाएं। बैठक में शहर के प्रवेश द्वार, सड़क चौड़ीकरण, ऑक्सीजन पार्क, माधव वाटिका, सेल्फी प्वाइंट, गुनिया नदी विकास, पर्यटन एवं जलक्रीड़ा परियोजनाओं सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए नागरिक सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा शहर के विकास में स्थानीय इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की झलक अवश्य परिलक्षित होनी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जनसहभागिता अनिवार्य है।

अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया जनता से संवाद बनाए रखें और प्राप्त सुझावों को योजनाओं में सम्मिलित करें। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य गुना को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, साथ ही सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से आकर्षक बनाना है — यही हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# तेजाजी मंदिर के पास जुआ खेलते छह आरोपी पकड़े

**गुना।** जिले के चाचौड़ा थाना अंतर्गत चौकी बीनागंज पुलिस ने ग्राम सागर का पठार स्थित तेजाजी मंदिर के पास दबिश देकर छह लोगों को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस ने मौके से 3550 रुपये नगद और 52 पत्तों की एक ताश की गड्डी जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर चालान न्यायालय के लिए तैयार किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तेजाजी मंदिर के पास कुछ लोग रुपये-पैसों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर छह लोगों को पकड़ लिया।पकड़े गए आरोपियों की पहचान सूरज पुत्र रंगलाल अहिरवार (35 वर्ष), पूरनचंद्र पुत्र कुंजीलाल अहिरवार (62 वर्ष), गोपाल पुत्र राधेश्याम पालीवाल (45 वर्ष), लाखन पुत्र प्रताप मीना (28 वर्ष), नन्नूलाल पुत्र कुंजीलाल अहिरवार (60 वर्ष) और मुकेश पुत्र गजराज सिंह मीना (28 वर्ष), सभी निवासी ग्राम सागर थाना चाचौड़ा जिला गुना के रूप में हुई। पुलिस ने इनसे मौके पर 3550 रुपये नगदी और एक ताश की गड्डी जब्त की। सभी आरोपियों पर बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत कार्रवाई की ।

## समाचार संक्षेप

### रामनगर के विजय भार्गव की पुत्री साक्षी भार्गव ने इतिहास रच दिया

**राघौगढ़।** रामनगर की साक्षी भार्गव पुत्री विजय भार्गव ने इतिहास रच दिया है। वह रामनगर गांव की पहली महिला हैं, जिन्होंने वकालत में सफलता प्राप्त की है और अब वह अपने गांव रामनगर और आसपास के इलाकों में न्याय दिलाने का काम करेंगी। साक्षी भार्गव का सपना हमेशा से कानून के क्षेत्र में काम करने का था। कठिनाइयों और सामाजिक बाधाओं के बावजूद, उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से कानून की पढ़ाई पूरी की और राज्य बार काउंसिल से पंजीकरण प्राप्त कर वकील बनीं।गांव के लोगों ने उनके इस उपलब्धि की सराहना की और कहा कि यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विशेष रूप से लड़कियों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी।साक्षी भार्गव ने कहा, "मेरी कोशिश यही रहेगी कि मैं हर उस व्यक्ति तक न्याय पहुंचा सकूँ, जो न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। मैं अपने गांव की बेटियों को भी यही संदेश देना चाहती हूँ कि हिम्मत और मेहनत से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।"यह उपलब्धि इस बात का प्रतीक है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी सामाजिक या आर्थिक बाधा सफलता में रुकावट नहीं बन सकती।



### मृतक के वारिसों को 21 लाख रुपए का मुआवज़ा मिला

**चाचौड़ा।** चाचौड़ा स्थित क्लेम न्यायालय में न्यायाधीश मनीष भट्ट के समक्ष विचाराधीन एक क्लेम मामले में मृतक धर्मेंद्र राजपूत, निवासी ग्राम जयसिंहपुरा, के परिजनों को 21 लाख का मुआवज़ा (आवर्ड) प्रदान किया गया है।यह मामला 15 सितंबर 2021 को हुई सड़क दुर्घटना से संबंधित था, जिसकी एफआईआर थाना चाचौड़ा में अपराध क्रमांक 77/22 के तहत दर्ज की गई थी।मृतक के परिजन पत्नी कीर्ति राजपूत, पुत्र गिर्राज, पुत्री गुड्डी, पिता महेश सिंह और माता रामरेखा ने अपने वकील राजीव श्रीवास्तव के माध्यम से बीमा कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन किया था।न्यायालय ने इस मामले में निर्णय सुनाते हुए बीमा कंपनी को निर्देशित किया है कि वह मृतक के परिजनों को21 लाख की राशि का भुगतान करे। साथ ही यह भी आदेश दिया गया कि वर्ष 2022 से उक्त राशि पर 6% वार्षिक ब्याज भी दिया जाए।

### हर्षिता का विश्वविद्यालय स्तर पर चयन गुना टीम रही विजेता

**चाचौड़ा।** संभाग स्तरीय कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर 2025 को शासकीय कन्या महाविद्यालय मुरैना में किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्वालियर-चंबल संभाग की कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला गुना और ग्वालियर के बीच खेला गया, जिसमें गुना जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। गुना टीम की खिलाड़ी हर्षिता विश्वकर्मा, जो कि शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा-बीनागंज से अध्ययनरत हैं, का चयन विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब हर्षिता जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, जो कि नांदेड़ महाराष्ट्र में 25 अक्टूबर 2025 से आयोजित होगी, में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.पी. मीना, क्रीड़ा प्रभारी मनोज सिंह सिकरवार, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नवीन चौधरी सहित समस्त स्टाफ ने हर्षिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंगद ने जमाया पैर राक्षसों के छूटे पसीने

# मेघनाद ने चलाया शक्तिवाण संजीवनी से लौटे लक्ष्मण के प्राण

हरिभूमि न्यूज ⏩राघौगढ़



नगर के मंगल भवन में चल रही श्री राम की लीला के आठवे दिन बुधवार को अंगद रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया गया,कलाकारों के मंचन से दर्शक भाव विभोर हो गए.. रामलीला देखने के लिए आधी रात तक लोगों की भीड़ जमा रही ! लीला के प्रारंभ में भगवान श्री राम अपनी सेना सहित समुद्र तट पर पहुंचे और समुद्र से मार्ग देने का आग्रह किया जब समुद्र ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो क्रोधित श्री राम ने अग्नि बाण से उसे सूखाने की चेतावनी दी.. भयभीत होकर समुद्र ने क्षमा याचना की और समुद्र पार करने का उपाय बताया, इसके उपरांत भगवान राम के निर्देश पर अंगद बने रवि वुनकर ( भज्जी ) दूत बनकर रावण से मिलने लंका पहुंचे , अंगद ने रावण को बिना युद्ध के माता सीता को सम्मान सहित भगवान राम को लौटाने की सलाह दी उन्होंने रावण को बताया कि भगवान राम अत्यंत दयालु है और उनकी गलतियों को क्षमा कर सकते हैं, यह सुनकर रावण ने अटहास किया और कहा कि वह किसी की दया का मोहताज नहीं है.. अंगद और रावण के मध्य हुए तार्किक संवाद तथा अंगद द्वारा अपना पैर जमा कर उसे उठाने की चुनौती दी और कहा... दरबारी में से कोई मेरा पैर हटा देगा तो श्री राम की सेवा बिना युद्ध किए खाली हाथ लौट जाएगी पूरे राक्षसों का पसीना छूट जाता है इसके बाद भी कोई भी अंगद का पैर तक नहीं हिला पात, अंत में स्वयं रावण उठता है तो अंगद अपना पैर हटाकर कहते हैं..कि मेरा पैर क्यों पकडते हो जाकर श्री राम के चरण पकड़ो... इस दृश्य ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया ! लंकेश रावण के आदेश पर मेघनाथ युद्ध भूमि में पहुंचते हैं और लक्ष्मण और इंद्रजीत मेघनाथ के रुप में अभिनय कर रहे, राजू बुनकर के बीच घनघोर युद्ध ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया बल्कि उन्हें धर्म नीति और भक्ति की महत्व का भी संदेश दिया ! लखन लाल के मूर्छित होने पर भगवान श्री राम व्याकुल नजर आए इसके बाद हनुमान जी लंका से राज बैध सुखेन बने कमलेश मेर सेवा निवृत शिक्षक को भवन सहित उठाकर लाते हैं... जो लक्ष्मण के जीवन के लिए द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने का सुझाव देते हैं और बजरंगबली श्री राम की आज्ञा लेकर उड़ जाते हैं.. हनुमान को आकाश मार्ग से गमन करता देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते हैं संजीवनी बूटी पाकर लक्ष्मण के प्राण लौट आते हैं, और इसी के साथ जय श्री राम की गूंज के बीच लीला मंचन को विश्राम दिया जाता है.. दर्शकों की भारी भीड़ और तालियों की गूंज ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया.. नगर के संत शिरोमणि परम श्रद्धेय गुड्डा महाराज भेंसाना का रामलीला समिति द्वारा सम्मान किया गया गुड्डा महाराज ने दर्शकों के बीच बैठकर लीला का आनंद लिया और प्रभु श्री राम सहित रामायण एवं व्यास जी का पूजन अर्चन किया, इस अवसर पर दीवान साहव राहुलवत्स, गिरीश श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव पंडित बाबूलाल पारीक शाहिद अनेक गनमैन नागरिक उपस्थित रहे।

## जब भी हम स्वदेशी उत्पाद खरीदते हैं आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना योगदान देते हैं-सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

भारतीय जनता पार्टी ने आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत बमौरी विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है ,साथ ही उनका 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प जनजाग्रति के माध्यम से मूर्त रूप ले रहा है ।स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है ।स्वदेशी,स्व भाषा और स्व भूषा तीनों मिलकर हमें विकसित भारत ' की ओर ले जाते हुए आत्म निर्भर भारत की नींव तैयार कर रहे हैं ।कांग्रेस पार्टी के साठ साल देश को सिर्फ लूटा और एक परिवार ने कुर्सी की खातिर देश को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी ।जम्मू और कश्मीर से धारा 370 हटाने,सैंकड़ों साल के इंतेजार के बाद हमारे आराध्य देव राम लला का मंदिर बनना हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी के शशक्त नेतृत्व में ही संभव हो सका है ।कार्यक्रम के जिला संयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि सबसे पहले स्वदेशी जागरण भगवान कृष्ण ने किया था । वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वदेशी आंदोलन की अगुवाई कर रहे रहें आज हमारी सेना स्वदेशी मिसाइल का इस्तेमाल कर रही है,आज हमारा देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रही है,आज हमारा देश लगभग दो सेंकड़ा देशों को रक्षा क्षेत्र में निर्यात कर रहा है ।पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि मोदी जी ने आत्म निर्भर भारत का आह्वान किया है जिसके अंतर्गत मेक इन इंडिया,स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल अवसंरचना और वोकल फॉर लोकल जैसे कार्यक्रम इसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं ।अब स्वदेशी का स्वरूप केवल खादी या दीये तक सीमित नहीं है,आज ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर सेमी कंडक्टर तक,भारतीय भाषाओं और ज्ञान परंपराओं से लेकर विश्व स्तरीय वस्तु और शिल्प तक पहुँच गया है ।




## भावांतर नहीं भाव दिया जाए, अतिवृष्टि के चलते खरीफ की जो फैसले खराब हुई है उसका मुआवजा व बीमा दिया जाने को लेकर, एआईकेकेएमएस ने ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏩आरोन



आरोन में अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन के ब्लॉक कमेटी ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन के अध्यक्ष/ सचिव अजयपाल यादव व नीलेश बैरागी ने कहा कि अतिवृष्टि की तबाही के शिकार हुए किसानो के प्रति सरकार के रवैये, खाद के गहराते और लगातार जारी सकट, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करवाने में पूरी तरह असफल रहने और अब भावान्तर के नाम पर किसानों के लिए सर्वथा अनुपयोगी और अलाभकारी योजना लाने, बिजली न आने के बावजूद भारी बिल थमाए जाने और स्मार्ट मीटर की विनाशकारी योजना लानेसंयुक्त किसान मोर्चा एवं एआईकेकेउमउस मध्यप्रदेश आपके संज्ञान में लाना चाहता है कि इन सबके चलते मध्यप्रदेश में किसानों की आत्महत्याएं बढती जा रही हैं, हाल ही में कुछ सोयाबीन किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हुए हैं ।

देश के कृषिमंत्री जिस प्रदेश के हो उस प्रदेश में ऐसा होना अच्छी बात नहीं है । हमारी मांगें हैं कि भावान्तर नहीं भाव दिया जाए ; वर्तमान में घोषित भावान्तर योजना किसानों की नहीं कुछ बड़ी कंपनियों के फायदे के लिए है । इसे तुरंत वापस लिया जाए और सख्ती के साथ सोयाबीन सहित सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य से खरीद सुनिश्चित की जाए । इससे कम पर खरीदने को दंडनीय अपराध मानकर कार्यवाही की जाए । अतिवृष्टि से हुए नुकसान का नजरिया या सैटेंलाइट सर्वे करने की बजाय पटवारी हलके को इकाई मानकर औसत उपज की तुलना में आई कमी को आधार बनाकर क्षति का पूरा मुआवाह्जा दिया जाए । इसी तरह बीमा कंपनियों द्वारा की जा रही धांधली और धोखाधड़ी रोककर नुक्सान की पूरी भरपाई की जाए । खाद का संकट सरकार की अक्षमता और असफलता के कारण है । जरूरत पड़ने के पहले ही खाद का पर्याप्त भण्डारण किया जाए और हरेक किसान को उसकी आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध कराया जाए । – मध्यप्रदेश नकली खाद और बीज का अड्डा बना हुआ है । इनके सौदागरों और कृत्रिम संकट पैदाकर उनकी मदद करने वाले अधिकारियों को जेल भेजकर समुचित दंड दिया जाए । किसानो को कम से कम 12 घंटे बिजली दी जाए ।

## रेल सलाहकार समिति की मीटिंग में राघौगढ़ स्टेशन को चालू करने की पुनः मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩राघौगढ़



मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक भोपाल में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आपने स्वागत भाषण देते हुए भोपाल मंडल की गतिविधियों एवं उपलब्धियां का विस्तार से ब्यौरा दिया। मीटिंग में सांसद प्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य विजय कुमार जैन ने पुनः प्रस्ताव प्रस्तुत कर मांग की है कि राघौगढ़ रेलवे स्टेशन को पुराने स्थान जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सामने जनहित में चालू किया जाए ।आपने यह भी मांग की है कि साडा कॉलोनी से गेल विजय पुर जाने वाले मार्ग पर रेल्वे अंडरपास के स्थान पर रेल्वे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए। रुठियाई रेलवे स्टेशन पर पार्किंग परिसर में पूर्व में पेशाब घर संचालित था। उस पेशाब घर को हटा देने से आम रेल यात्री खुले में पेशाब कर गंदगी कर रहे हैं। अपने पुनः पेशाब घर बनाने की मांग की एनएफएल विजयपुर, कुंभराज एवं चाचौड़ा बीनागंज में रेल आरक्षण काउंटर प्रारंभ करने की भी मांग की है। विजय कुमार जैन ने रुठियाई जंक्शन एवं कुंभराज स्टेशन पर रेल पार्सल एवं डिलीवरी सुविधा चालू करने की मांग की है। आपने प्रस्ताव में उल्लेख किया है रुठियाई में यह सुविधा पूर्व में थी जिसे बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार कुंभराज देश की धनिया की सुप्रसिद्ध मंडी है रेल पार्सल बुकिंग एवं डिलीवरी प्रारंभ की जाती है तो यात्रियों एवं नागरिकों को लाभ मिलेगा। आपने कुंभराज रेल स्टेशन पर प्लेटफार्म एक से दो पर जाने के लिए रेल फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाने की मांग की है।वर्तमान में रेल यात्री पटरी पार करते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कुंभराज के समीप खटकिया- कुंभराज सड़क मार्ग पर एवं बीनागंज- चांचौड़ा सड़क मार्ग पर रेल फाटकों के स्थान पर रोड ओवर ब्रिजों का निर्माण कराया जाए। कोटा-बीना मेमू ट्रेन नंबर 61633 का जनहित में कोटा से छूटने का समय शाम 5.30 बजे किया जाए। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी मांगों का परीक्षण कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में आभार प्रदर्शन मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे ने किया।

# राजस्व व खाद विभाग के अधिकारी ने रिलायंस पंप के एक हिस्से को सील किया

**अशोकनगर।** स्थानीय बस स्टेण्ड क्षेत्र के सामने प्रशासन ने रिलायंस पेट्रोल पंप के एक हिस्से को सील करने की कार्यवाही की है। यहां धनुषधारी मंदिर की कुछ भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए प्रशासन ने शख्त कार्यवाही शुरू की है। इस दौरान जितना भी क्षेत्र इस परिधि में आ रहा है वहां पर नोटिस चिपकाए गए हैं और अतिक्रमण कर्ताओं को स्वयं हटाने का समय दिया है। गुरूवार की सुबह एसडीएम ब्रजविहारी श्रीवास्तव, तहसीलदार भारतेन्दु यादव और जिला खाद अधिकारी प्राची शर्मा मौके पर पहुंचे। इस दौरान रिलायंस पेट्रोल पंप को सील कर दिया है। यहां के मैनेजेर रीतेश गुप्ता ने बताया कि प्रशासन का अमला यहां आया था कुछ हिस्से में नोटिस चिपकाए गए हैं। कलेक्टर आदित्य सिह ने बताया कि उक्त भूमि को लेकर एक कमैटी बनाई गई थी जिसमें अशोकनगर के अधिकारियों का न रखते हुए डिप्टी कलेक्टर मनीष धनगर और एसएलआर आदि को रखा गया था और इस कमैटी के द्वारा जांच की गई थी। जिसमें 1 बीघा भूमि सरकारी होना पाई गई है जिसमें पेट्रोल पंप का एक चैथाई हिस्सा शामिल है। उन्होंने कहा कि यहां की जमीन में हेराफेरी की गई है।






### भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई न करने की मांग की

अशोकनगर। एक दिन पहले प्रशासनिक अमले ने नए बस स्टेण्ड के सामने भवन निर्माण साम्रगी का विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 76 ट्रेक्टर और सामग्री जप्त करने की कार्रवाई की थी जिसे लेकर उक्त भवन निर्माण सामग्री विक्रेता कलेक्टर के यहां पर ज्ञापन देने पहुंचे। जिसमें कहा गया है कि राजस्व और खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर हमको बिना सूचना दिए अवैधानिक रूप से हमारे वाहनों को जब्त कर लिया है और सामान भी जप्त कर लिया है। जबकि हम सभी थोक में ट्रकों से ईट, भसूआ, गिटटी मंगाकर ट्रालियों में भरकर लोगों को विक्रय करते हैं। उक्त माल पर हम विधिवध रायल्टी भरते हैं बिल से माल खरीदते हैं। इसके बाद भी हम लोगों पर अवैधानिक कार्यवाही कर हमारे वाहनों को जप्त कर लिया गया है। जिससे शहर में चल रहे निर्माण कार्य बंद हो गए हैं और काम करने वाले मजदूर भी बेरोजगार हो गए हैं। जिससे उनकी रोजी रोटी पर प्रभाव पडेगा।

# पुलिस ने नकली राजश्री गुटखा बनाने वाले आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर



सिटी कोतवाली पुलिस ने टोरिया मोहल्ला में एक नकली पान मसाला बनाते हुए फैक्ट्री को पकड़ा है जहां से मशीन और माल जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

14 अक्टूबर को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लालजी राम पिता रतनलाल साहू निवासी टोरिया मोहल्ला अशोकनगर का द्वारा पान मसाला के उत्पाद राजश्री पान मसाला के अवैध उत्पादन व विक्रय कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से पान मसाला का निर्माण करने वाले व्यक्ति लालजी राम पिता रतनलाल साहू के घर दबिश दी। आरोपी के घर पर से राजश्री पान मसाला के 200 बडे पैकेट प्रत्येक पैकेट मे 10 पाउच एंव 200 पैकैट आउटर वण्डल, 200 पैकेट तम्बाकू ,राजश्रीपान मसाला की पैक करने की थैली के 02 वण्डल एंव एक डिजीटल पैनल की इलेक्ट्रिक पैकिंग मशीन मिली , राजश्री पान मसाला के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के द्वारा पान मसाला चैक करने पर अनुभव के आधार पर नकली होना बताया। आरोपी लालजीराम द्वारा राजश्री पान मसाला उत्पाद को बनाने के संबंध में सक्षम अनुमति व लाईसेंस नही होना बताया। मौके पर आरोपी लालजीराम द्वारा अवैध उत्पादन एंव विक्रय किए जाने से उक्त इलेक्ट्रिक पैकिंग मशीन, नकली पान मसाला पैकेट आदि जप्त कर थाना कोतवाली पर आरोपी लालजी राम साहू के विरुद्व अपराध क्र 564/25 धारा 318(4) बीएनएस का पंजीबद्द किया गया है। अन्य आरोपियो की संलिप्तता के संबंध में जांच की जा रही है। जिसकी कीमत एक लाख चालीस हजार रूपए होना बताई गई है।

## मिट्टी के दीये विक्रेताओं से किसी भी प्रकार की कर की वसूली नहीं किए जाने हेतु आदेश जारी

अशोकनगर। दीपावली पर्व के अवसर पर जिले में मिट्टी का कार्य करने वाले कुम्हार एवं जिले के ग्रामीण कारीगरों द्वारा पारंपरिक रूप से हस्तनिर्मित मिट्टी के दिये बनाकर शहरों/गांवों के बाजारों में विक्रय करने के लिये लाये जाते है। इन दुकानदारों से किसी भी प्रकार का कर न वसूला जाए। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा विभिन्न बाजारों में कुम्हारों एवं जिले के ग्रामीण कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित मिट्टी के दिये (दीपक) विक्रय हेतु लाये जाने पर उक्त ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए। साथ ही जिले की समस्त नगर पालिका नगर पंचायत, जनपद पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दिये (दीपक) विक्रेताओं से किसी भी प्रकार की कर की वसूली नहीं किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। साथ ही मिट्टी के ष्दियेष के उपयोग को प्रोत्साहित करना, एंव वोकल फॉर लोकल के तर्ज पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिये जाने हेतु जन-सामान्य को इस संबंध में जागरूक किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## फाइनल में ग्वालियर ने बाजी मारी

### 69वीं संभाग स्तरीय 17 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर

लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के निर्देशानुसार 69वी संभाग स्तरीय 17 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन अशोकनगर मे शिक्षा विभाग के तत्वाधान एवं जिला शिक्षा अधिकारी सी .एस. सिसोदिया एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी ओपी शर्मा के मार्गदर्शन में सजंय स्टेडियम एवं मुस्कान पब्लिक स्कूल अशोकनगर में किया गया।

जिसमें अशोकनगर ,गुना, शिवपुरी ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, दतिया ,श्योपुर जिलो के अंडर 17 बालको ने भाग लिया फायनल मैच अशोकनगर और ग्वालियर के मध्य खेला गया, जिसमें 19 रन से ग्वालियर विजय हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शा. नेहरू जनभागीदारी अध्यक्ष एवं अशोकनगर क्रिकेट एसोसिऐशन ने कोषाध्यक्ष महेन्द भारद्धाज ने खेलो मे भाग लेने के लिये खिलाडियो को प्रेरित किया। डीईओ सीएस सिसोदिया एवं अनिल खंतवाल एडीपीसी,एन्थोनी जोश प्राचार्य मुस्कान स्कूल, अशोक सेन मैनेजर मुस्कान स्कूल ने खिलाडियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद श्रीवास्तव ने किया। अंपायर की भूमिका में मनोज राठौर पीटीआई पिपरई एवं मुकुन्द शर्मा पीटीआई पगारा ने निभाई। इस अवसर पर अनिल शर्मा चन्देरी, विनोद शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव, वसीम खान, महेन्द्र रघुवंशी, मुस्ताक, दिलीप शर्मा, पवन, अरुण रधुवंशी खेल अधिकारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आभार व्यक्त किया। अतिथियो ने विजेता को बधाई दी।

# आए दिन मवेशियों पर हमला कर किया जा रहा है घायल

## शहर में बढ़ता जा रहा है कुत्तों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर



शहर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हो चुके हैं कि यह कुत्ते अब राह चलते मवेशियों पर झुंड में हमला करने लगे हैं। इससे न सिर्फ मवेशियों को गंभीर चोटें आ रही हैं, बल्कि आमजन भी दहशत में जीने को मजबूर हैं।

राष्ट्रीय गो सेवा परिषद सदस्य अभिषेक मोहरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों से मवेशियों पर कुत्तों के हमलों की कई घटनाएं सामने आई हैं। खास तौर पर रात के समय इनकी सक्रियता बढ़ जाती है। ऐसा ही मामला मिला कोलुआ रोड पिपरई तिराहे पर एक छोटी सी बछिया को रात मै कुत्तो के झुंड ने उसका मुँह और कान खा लिए सदस्यों द्वारा मोके पर जाकर उसको दयोदय गौशाला ले गए और उसका वही उपचार किया। इस मौके पर डॉ. अभिषेक राजपूत, दिव्यांग यादव रिजोदा आदि सदस्य रहे। शासन प्रशासन की ओर से फिलहाल इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी अभियान चलाया जाए।

### कृषक भाई संतुलित उर्वरकों का करें उपयोग

अशोकनगर। रबी वर्ष 2025-26 हेतु कृषकों द्वारा फसलों की बुवाई हेतु उर्वरकों का उठाव लगातार किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों के संतुलित मात्रा में उपयोग हेतु कृषकों को फसलवार प्रयोग होने वाले उर्वरकों एवं विकल्पों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिले में यूरिया 4539 मैट्रिक.टन, डी.ए.पी.टी.एस.पी. 2159 मे.टन, एस.एस.पी. 4476 मे.टन, एन.पी.के. 4253 मे.टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश 233 मे.टन की मात्रा उपलब्ध है। डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्पों एस.एस.पी., 20:20:0:13, 16:16:16, टी.एस.पी. आदि डबल लॉक केन्द्रों अशोकनगर, पिपरई, मुंगावली, एम.पी. एग्रो अशोकनगर, समितियों एवं निजी विक्रेताओं के पास विक्रय हेतु पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। एस.एस.पी. उर्वरक में पौधों के लिए आवश्यक फॉस्फोरस, सल्फर और कैल्शियम तत्व पाये जाते हैं, जो सभी फसलों के लिए उपयुक्त है। 20.20.0.13 उर्वरक के कई लाभ हैं, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, सल्फर पाया जाता है, जो तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा के साथ उपज व गुणवत्ता दोनों को सुधारता है।

## खाता धारक को कोई जानकारी नहीं

### बैंक खाते से धोखाधड़ी कर लाखों रुपए का लोन लिया

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर



कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम महुआखेड़ा निवासी बलराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके नाम से रविन्द्र यादव पुत्र लाखन सिंह यादव निवासी महुआखेडा द्वारा एचडीएफसी बैंक में खाता खुलवाकर लोन स्वीकृत करवा लिया जिसकी प्रार्थी को कोई जानकारी भी नहीं है।

#### बैंक कर्मी लोन की किश्त लेने आए तब पता चला

जिसकी शिकायत बलराम यादव ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर के यहां की है जिसमें कहा गया है कि उसे इसका पता तब चला जब बैंक से कर्मचारी लोन की किश्त लेने उसके घर पर आए। तब मुझे पता लगा कि मेरे नाम पर लोन निकाला गया है। मैने कहा कि मैंने कोई लोन नहीं लिया है मैं किस बात की किश्त दूं। जब मैं बैंक शाखा में गया तब फर्जी बैंक खाता संचालित होनेकी जानकारी सामने आई। पहले तो बैंक वालों ने मुझे जानकारी देने से मना कर दिया जब मेने पुलिस में जाने की बात कही तब मुझे स्टेण्टमैंट प्रदान किया। उसके बाद पता लगा की गांव के ही रविन्द यादव ने फर्जी तरीके से मेरे नाम से लोन स्वीकृत करवाया गया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया निवासी ऊषा बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल और प्रकाश आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहाबाद निवासी फुन्दीलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोरीबरी निवासी भोपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रतिपाल यादव औश्र लखन बैरागी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी रामवती कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामगोपाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीलरी निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गब्बर और कृष्णपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी जयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कर्रा डोंगरा निवासी रामकृष्ण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र और नेतराम लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नेतराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकृष्ण लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 31 अक्टूबर को

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन तथा एम.एस.एम.ई एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन अनुसार प्रत्येक माह रोजगार एवं स्वरोजगार मेलो का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, एम.एस.एम.ई, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर 31 अक्टूबर को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में प्रातः 11:00 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे मे मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा।

### शुक्रवार व शनिवार को नहीं होगा टोकन का वितरण

**अशोकनगर।** किसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि जिले के सरकारी गोदाम डबल लोक केन्द्र विदिशा रोड़ अशोकनगर तथा ए.पी.एग्रो पुरानी मण्डी अशोकनगर से शुक्रवार एवं शनिवार को कोई नया टोकन जारी नहीं किया जायेगा। उर्वरक हेतु आगामी नये टोकन वितरण की तिथि हेतु समस्त जानकारी के लिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि मो.नं. 7999818774, 9644969155 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें।

### कलेक्टर ने पत्रकारों से संवाद किया

**अशोकनगर।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पत्रकारगणों से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर द्वारा पत्रकारगणों को दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही पत्रकारगणों को स्थानीय स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित दीपावली सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का संकल्प लें और आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्री को अधिक से अधिक खरीदें।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल बैठक में अधिकारियों से की चर्चा

# हर प्रोजेक्ट की बने पूरी टाइमलाइनः सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, संबंधित अधिकारीगण, स्थानीय विधायक, पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में अशोकनगर शहर के प्रमुख तुलसी सरोवर के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटन संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।





#### विकास कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊ सामग्री के उपयोग के निर्देश

सिंधिया ने कहा कि अशोकनगर शहर में होने वाले प्रत्येक विकास कार्य का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, शहर की सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहरों का संरक्षण करना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, टिकाऊ सामग्री और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए।

#### तुलसी सरोवर बनेगा महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र

सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तुलसी सरोवर को केवल एक जल निकाय नहीं, बल्कि अशोकनगर का महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण केंद्र बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सरोवर पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए सुनियोजित पार्किंग सुविधा और हॉकर जोन का निर्माण करने और लेक फ्रंट डेवलपमेंट में स्थानीय चंदेरी पत्थर का उपयोग करने पर के निर्देश दिए ताकि निर्माण में स्थानीय संस्कृति की झलक हो। साथ ही, सरोवर के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए आधुनिक लाइटिंग के प्रयोग पर भी विशेष बल दिया।

#### अशोकनगर में दिखे मध्यप्रदेश के राजघरानों की वीर गाथाएंः सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि सभी वास्तुकलाओं में ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक वीर गाथाओं की छवि दिखनी चाहिए। सौंदर्यीकरण में मध्य प्रदेश द्वारा विभिन्न काल खंडों में लड़ी गई लड़ाइयों, उनके संघर्षों और विजय गाथाओं की कहानी झलकनी चाहिए। इन कलाओं से स्पष्ट रूप से वीर योद्धाओं की महान गाथाओं को संदेश मिलने चाहिए।

#### बैजू बावरा और महात्मा गांधी की मूर्ति का प्रस्ताव

बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने ग्वालियर के महान गायक बैजू बैवरा और महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बैजू बावरा के संबंध में कहा कि महान गायक का इतिहास इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और उनकी स्मृति में अशोकनगर में उनकी प्रतिमा स्थापित करना उनकी विरासत को अमर करेगा। सिंधिया ने विश्वास व्यक्त किया कि इन मूर्ति के कारण अशोकनगर को देशभर में एक विशिष्ट पर्यटन पहचान मिलेगी।

#### स्थानीय संस्कृति और परंपरा का बनाए रखें सम्मानः सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों में स्थानीय इतिहास, परंपरा और विरासत की झलक अवश्य परिलक्षित होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने हर प्रोजेक्ट के लिए टाइमलाइन सहित पूरा प्लान मांगा और साथ ही धनराशि का पूर्णत सही उपयोग करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अशोकनगर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, साथ ही सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से आकर्षक बनाना है, यही हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान सिंधिया ने सभी से शहरवासियों के सहयोग और सक्रिय सहभागिता से ही अशोकनगर को एक उदाहरणीय शहर बनाने का आह्वान किया।



### अवैध हथियार और कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना पिपरई को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके अंतर्गत एक आरोपी को देशी कट्टा एवं जीवित कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.10.2025 को रात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लिये हुए सीएम राईज स्कूल के सामने, मुंगावली रोड किनारे संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, प्रभारी थाना पिपरई सउनि0 छगन सिंह द्वारा तत्काल पुलिस बल गठित किया गया तथा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान एक व्यक्ति को पकड़कर उसका नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम रामलखन पुत्र वीरसिंह कटारिया, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम छितरी, हाल निवासी पागलपुर मोहल्ला, थाना पिपरई, जिला अशोकनगर बताया।

## छिंदवाड़ा की घटना को लेकर कांग्रेस ने धरना दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रदेश के छिंदवाडा जिले में कफ सिरप पीने से शिशुओं की हुई मौत के मामले में शहर के भीमराव अम्बेडकर पार्क पर धरना दिया। यहां सौंपे गए ज्ञापन में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की गई है।

कांग्रेसजनों ने कहा यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार और मिलावटखोरी की गहरी जड़ें उजागर करने वाली त्रासदी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में पनप रही मिलावटखोरी और नकली दवाओं की कालाबाजारी अब सीधे जनजीवन पर हमला बन चुकी है। जीवनरक्षक कफ सिरप में जहरीले तत्वों की मौजूदगी इस बात का प्रमाण है कि सरकार की निगरानी व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के में पूर्णतः असफल सिद्ध हुई है न तो कोई सख्त निगरानी तंत्र है, न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मंशा। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी और दोषियों को सजा दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी।

**खास बातें**

- छिंदवाड़ा घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए।
- दोषी दवा निर्माता कंपनी और वितरकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।
- मृतक बच्चों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक मुआवजा एवं सरकारी सहायता प्रदान की जाए।
- प्रदेशभर में नकली व घटिया दवाओं की बिक्री पर रोक हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।

### विधिक सहायता व सलाह के बारे में दी जानकारी

## शाढौरा में विधिक साक्षरता व जागृति का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा शाढौरा स्थित प्राथमिक शाला शासकीय माध्यमिक शाला एवं सिटी पब्लिक स्कूल एवं द्रौपदी पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागृति का आयोजन किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करते हुए निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा द्रौपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार आपसी विवादों को समझौते के आधार पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से लोक अदालत एवं अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान योजनाओं के तहत प्रकरणों को निराकृत किया जा सकता है। उपस्थित बच्चों को कुटुंब न्यायालय में चलने वाले भरण पोषण, घरेलू हिंसा अन्य हिंदू मैरिज एक्ट एवं स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रकरणों के बारे में बताया साथ ही बच्चों को प्रेरित किया कि वह मध्यस्थता एवं जागरूकता को समझें और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से समाज में सुधारात्मक वातावरण बनाएं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर के सचिव मनीष अनुरागी द्वारा निशुल्क विधिक सहायता न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों को मेडिएटर द्वारा दी जाने वाली मध्यस्थ के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा द्वारा बाल कल्याण समिति ओर किशोर न्याय बोर्ड की विस्तृत जानकारी दी, बच्चों को दिए जाने वाली सुविधा, बच्चों को दिए जाने वाला वातावरण जिसमें वह निडर होकर अपनी प्रक्रिया को सुनिश्चित कर सके आदि के बारे में बताया गया। न्यायपालिका में आने को प्रेरित किया, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा उपस्थित बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत आदि के बारे में जानकारी दी।

## पीआईसी के सदस्य पद से उपाध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा



नगर परिषद शाढ़ौरा की उपाध्यक्ष संगीता अरविन्द रघुवंशी ने गुरूवार को नगर परिषद पहुँच कर अध्यक्ष अशोक माहोर को प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल (पीआईसी) से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र नप अध्यक्ष और मुख्य नपा अधिकारी दोनों को सौंपा है।

इस्तीफे के पीछे उन्होंने स्वास्थ्य खराब रहने को मुख्य कारण बताया है। रघुवंशी के इस्तीफे से परिषद में राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इससे पूर्व रचना परिहार द्वारा भी पीआईसी से इस्तीफा देकर अपने आप को दूर कर लिया है और पीआईसी की बैठकों में शामिल नही हो रही हैं। उपाध्यक्ष रघुवंशी के इस्तीफे से राजनीतिक उथल-पुथल मच गई है। परिषद की उपाध्यक्ष संगीता रघुवंशी ने प्रेसीडेंसी काउंसिल के पद से अपना इस्तीफा दे दिया है। उपाध्यक्ष का यह कदम ऐसे समय में आया है जब नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहोर के भ्रस्टाचार और अनियमित्तयों जिनमे अपने भाई गुड्डा कोरी और भतीजे विनोद माहोर को नौकरी पर रखने 5 लाख रुपये के डीजल और 10 अन्य सफाई कर्मचारियों को अपने लेटर हेड पर नियुक्ति देने के आरोप मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल द्वारा कराई गई गई जांच में सही पाए जाने के बाद अध्यक्ष अशोक माहोर को धारा 41 में पद से प्रथक किये जाने हेतु दिए पत्र में कल अंतिम सुनवाई हुई है जिसमे अध्यक्ष को पद से कभी भी प्रथक किया जा सकता है। शाढ़ौरा में अध्यक्ष के अलावा 14 पार्षद और है जिनमे से 9 पार्षद पहले से विरोध में हैं उपाध्यक्ष के इस्तीफा देने के बाद अब अध्यक्ष के पास कुल 4 पार्षद ही हैं जबकि नपा अधिनियम की धारा 70 के तहत पीआईसी गठन के लिए 5 निर्वाचित पार्षद जिनमे एक महिला एक अनुसूचित जाति/जनजाति और एक सदस्य पिछड़ा वर्ग का होना चाहिए जबकि अब अध्यक्ष के साथ ही कुल 4 पार्षद हैं जिससे परिषद् की बैठकों में तो कोई प्रस्ताव पारित हो ही नही रहे थे अब पीआईसी भी मुश्किल में है।

## रंगोली और दीपक थाली सजावट प्रतियोगिता आयोजित

**अशोकनगर।** गुरुकुल श्री नवचेतन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल तायडे कॉलोनी में दीपावली के अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्राओं द्वारा कार्यक्रम रखे गए। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता एवं दीपक थाली सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई।

रंगोली में बच्चों द्वारा बड़ी ही मनमोहक रंगोली तैयार की गई जिसमें कुछ समय पूर्व हुई अहमदाबाद में विमान दुर्घटना का चित्रण किया गया, एवं पुलवामा में हुए आतंकी हमले (ऑपरेशन सिंदूर)का भी रंगोली के माध्यम से चित्रण किया गया। साथ ही नशा मुक्त भारत



अभियान, वन बचाओ अभियान, महिला सशक्तिकरण, गौ हत्या बंद करो, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सोशल मीडिया की दुष्परिणाम, पर्यावरण संरक्षण एक विभिन्न कई प्रकार की मनमोहित रंगोलीयां बनाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के गिर्राज शर्मा, प्राचार्य मोनिका शर्मा एवं समस्त स्टाफ अखिलेश श्रीवास्तव, संगीता देशपांडे, किलविंदर कौर, नैना कौर, रितिका लोधी, वीरेंद्र चंदेल, संजू लोधी,भारती रघुवंशी, अमित परचइयां,अरुण नामदेव, दुष्यंत, संजना, मुस्कान, पूनम, तनु, मुस्कान जैन समस्त स्टाफ की भागीदारी रही।

## मुंगावली में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज

**मुंगावली।** भाजपा द्वारा पूरे देश मे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से लोगो को जागरूक कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी चीजें अपनाएं,साथ ही व्यापारियों से चर्चा भी की जाएंगी। इसी क्रम में भाजपा द्वारा शुक्रवार को दोपहर में नगर के एसआर गार्डन में विधानसभा स्तरीय आत्म निर्भर संकल्प अभियान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे नगर के सभी किराना व्यापारी,ग्रेन मर्चेंट, हार्डवेयर व्यापारी,होटल संचालक,मेडिकल संचालक, कीटनाशक दवाई विक्रेता,फुटवेयर दुकानदार, कपड़ा व्यापारी, स्ट्रीट वेंडर, मोबाईल विक्रेता, वर्तन विक्रेता, इलेक्ट्रानिक विक्रेता शामिल होंगे आत्म निर्भर संकल्प अभियान के जिला सह संयोजक दीपक पालीवाल ने बताया कि यह सम्मेलन विधानसभा स्तर पर किया जा रहा जिसका मूल उद्देश्य लोकल फ़ॉर वोकल के साथ साथ स्वदेशी उत्पाद अपनाने को प्रेरित करना है ओर लोगो को स्वदेशी चीजो से जोड़ना है क्योंकि हमें अपने आसपास बने लोगो से देशी चीजे लेकर त्यौहार मनाना है जिससे हमारे आसपास रहने वाले लोगो को रोजगार मिलेगा ही साथ मे लोग आत्मनिर्भर भी बनेंगे। इस आत्म निर्भर संकल्प अभियान के जिला संयोजक रविंद्र लोधी,जिला सह संयोजक शीला जाटव वही मुंगावली मंडल के प्रभारी मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, मंडल महामंत्री अविनाश यादव सह संयोजक एवं आईटी सेल जिला सहसंयोजक सौरभ सक्सेना है।

### मुनि श्री सुधासागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा...

# रोटी का सुख पाना है तो गेहूं को पीसकर रोटी बनाना होगा:मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी का सुख पाना है तो गेहूं को पीसकर रोटी बनाना होगा। गेहूं में रोटी की शक्ति है। रोटी का सुख नहीं मिल सकता उसका स्वाद नहीं आ सकता यदि गेहूं को खा लिया तो पेट में दर्द हो जायेगा ऐसे ही शुद्ध निश्चय से आत्मा को जानें उसे अनुभव नहीं कर सकते।

उन्होनें कहा कि जैन दर्शन जीव को उस दशा में पहुंचा देता है जहां स्वयं की पर्यायों की भी परवाह नहीं करते। सिद्ध भगवान को सिद्ध पर्याय का आनंद नहीं आता उन्हें आकार नहीं दिखता उन्हें आकार झलकता तो जरूर है लेकिन वह अनुभव नहीं करते। सिद्ध पर्याय हैं उनकी दशा इतनी ऊंची हो गई कि वहां पर्याय उत्पन्न होती रहती है और मिटती रहतीं हैं। उन्हें अनुभव में नहीं है कि उन्होंने चार घातिया कर्म नष्ट कर दिये उनके अनुभव में नहीं आ रहा है कि उन्होंने घातिया अघातिया कर्म को नष्ट कर दिया।

उन्होने कहा कि रसना इन्द्री पर विजय उसको मिलती है जिसके सामने खाना रखा है और फिर भी



नहीं खा रहा है। सदभाव में अहभाव मुनि राज की सबसे बड़ी तपस्या करते हैं। 24 घंटे साधु कैसे रहता है हमें पता नहीं है लेकिन चैंके में साधु को सब कुछ देना चाहते हैं। साधु ले सकता है फिर भी साधु कहता है कि नहीं यह मैं नहीं लूंगा। यह सबसे बड़ी बात है। चक्रवर्ती दस लक्षण पर्व दस दिनों तक दस उपवास करता है। उसे देखने देवता आते हैं चक्रवर्ती के आधे लड्डू में पूरा अशोकनगर निपट जाये और नगर वासियों को पचे भी नहीं ऐसे वत्तीस लड्डू खाता है। वह उपवास कर रहा है। ऐसे उपवास



करने बाले को उपवास करते हुए कैसा लग रहा है यह देखते हैं देवता। जिसके महल है फिर भी सुदर्शन सेठ जंगल में जाकर सामायिक कर रहे हैं जिनको मखमल के कम्बल की चुभन हो रही है।

#### जिंदगी में ऐसा कोई काम मत करना कि तुम्हे पछतावा हो

उन्होंने कहा कि निश्चय नय से कहा था कि तेरी आत्मा शुद्ध है बुद्ध है इतना कहते ही वह आत्मा का आनंद लेने बैठ गया। वस यही चूकं हो गई गेहूं में रोटी का आनंद लेने बैठ गया यही सबसे बड़ी ग़लती हो गई। जिंदगी का सबसे बड़ा दुर्भाग्य मानना कि तुम्हारे लिए पापा ने मारा मैं तुम्हारा राम दुश्मन से पिटकर आय्ओ में हाथ फेर दूंगा तुम ठीक हो जाएगा। दुश्मन तुम्हारे लिए मार दे तो ठीक हो जाएगा लेकिन पिता ने मार दिया तो चोट ठीक नहीं होगी। लेकिन एक बात ध्यान रखना पीटें तो रोकना नहीं जिंदगी में ऐसा कोई काम मत करना कि तुम्हारे लिए माता पिता को पीटना पड़े बस यह नियम पाल लिया तो जाओ तुम्हारा वैडा पार हो जायेगा।

#### आज पंच कल्याणक महा महोत्सव के लिए होगा पात्रों का चयन

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ व प्रतिष्ठाचार्य बालब्रह्मचारी प्रदीप भैया के निर्देशन में 9 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ व गजरथ महोत्सव भव्य आयोजन होगा। इस शाही महामहोत्सव में हर घर से एक जोड़ी इन्द्र इन्द्राणी का बने। इन्द्र इन्द्राणी को वस्त्र आभूषण हार मुकुट के साथ ही शुद्ध भोजन की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जायेगी जिससे कि सभी भक्त निश्चित होकर भक्ति कर सके। कल धनतेरस को महा महोत्सव के प्रमुख पात्र में भगवान के माता-पिता का चयन किया जाएगा। इस हेतु सभी को अपनी पात्रता सम्बंधी फर्म पंचायत कमेटी के कार्यालय से दिए जा रहे हैं। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित प्रमुख जनो ने सभी से अनुरोध किया पहले अपना नाम देकर महोत्सव की शौभा बढ़ाएं।

### पचोर के स्टैंड कंडक्टर की शिकायत के बाद भी नहीं चेता परिवहन विभाग

# जिम्मेदारों की अनदेखी से सड़कों पर फर्राटे भर रहे 'कंडम काल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - सारंगपुर

राजगढ़ जिले के पचोर-सारंगपुर मार्ग सहित आसपास की मुख्य सड़कों पर पुरोहित कंपनी की करीब एक दर्जन से अधिक 20 साल पुरानी खटारा और कंडम बसें खुलेआम दौड़ रही हैं। इन बसों में अधिकांश की हालत बेहद खराब है, फिर भी इन्हें सवारियों की जान जोखिम में डालकर चलाया जा रहा है। पचोर के एक स्टैंड कंडक्टर ने इस अव्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई के बजाय विभागीय चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। पचोर निवासी विनोद बैरागी ने अपनी शिकायत में बताया कि पुरोहित कंपनी द्वारा संचालित कई बसें फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबरों के साथ सड़कों पर चल रही हैं। इन बसों पर एमपी-13 सीरीज के नंबर लिखे गए हैं, जबकि उनके चेचिस और रजिस्ट्रेशन नंबर अलग-अलग हैं। बैरागी का आरोप है कि बस मालिकों ने पुराने नंबरों में बदलाव कर इन्हें दोबारा चालू करवा लिया है, जिसमें परिवहन विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है।







### फिटनेस समाप्त होने के बाद भी सडकों पर कैसे दौड रहीं है बसें

शिकायत में जिन बस नंबरों का उल्लेख किया गया है उनमें एमपी-13-जेडएम-2296, एमपी-13-जेडएम-2303, एमपी-13-जेडएम-2309,एमपी-13-जेडएम-9546, एमपी-39र्-जेडसी-7021, एमपीी-39-जेडसी-4143, एमपी-39-जेडडी-4136 और एमपी-13-जेडएम-2364 शामिल हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार इन सभी बसों के रजिस्ट्रेशन रद्द (कैंसिल) हो चुके हैं, फिर भी वे नियमित रूप से पचोर, सारंगपुर, राजगढ़ और नलखेड़ा मार्गों पर दौड़ रही हैं। युवक का कहना है कि इन बसों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है, फिर भी इनके चेचिस नंबर और रजिस्ट्रेशन दस्तावेज आरटीओ कार्यालय में जमा नहीं किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि विभागीय स्तर पर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है।

### जिला परिवहन अधिकारी ने नहीं उठाया फोन

मामले में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन बसों की जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर गड़बड़ी उजागर हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए इन खटारा बसों के परिचालन पर तत्काल रोक की मांग की जा रही है।

# आगे से किसी पार्टी का आयोजन परिसर में न हो: इंका जिलाध्यक्ष

### शांतिपूर्ण धरना दे रहे इंकाईयों को अस्पताल परिसर से किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौत के विरोध में जिला कांग्रेस के तत्वावधान में गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में शांतिपूर्ण धरना प्रस्तावित था। इसके लिए इंकाजनों द्वारा अस्पताल परिसर के अंदर बाकायदा टैंट आदि भी लगवा दिए गए थे, लेकिन इस बात की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को लगने पर उन्होंने अस्पताल परिसर के अंदर लगे टैंट को निकलवा दिया।

हालांकि, कांग्रेसजनों द्वारा बाद में अस्पताल परिसर के बाहर बैठकर धरना देते हुए एसडीएम सुश्री निधि भारद्धाज को अपनी मांगों के संबंध में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने एसडीएम सुश्री भारद्धाज से यह भी कहा कि भलेंही हमें अस्पताल परिसर में धरना देने से हमें रोका गया है लेकिन अब आगे से किसी भी दल, प्रशासनिक आयोजन या आरएसएस का कोई भी कार्यक्रम जिला अस्पताल परिसर के अंदर नहीं होना चाहिए अन्यथा कांग्रेस उसका खुलकर विरोध करेगी।



### पद से इस्तीफा दें स्वास्थ्य मंत्री

राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग रखी कि छिंदवाड़ा घटना मामले में लिप्त अस्पताल के अधिकारी/कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही मृतकों के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसके साथ ही उक्त गंभीर घटना सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते हुई है जिसके लिए प्रदेश सरकार भी जिम्मेदार है। ऐसे में उप-मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ला को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

### बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वालों पर की कार्रवाई

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ में बुधवार को हाट बाजार में कई पटाखा विक्रेता बिना लाइसेंस के दुकानें लगाकर खुलेआम पटाखों की बिक्री कर रहे थे। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जांच में लगभग 10 से 12 दुकानदार बिना लाइसेंस के पटाखे बेचते हुए पाए गए। प्रशासन ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस वाली सभी दुकानों को बंद कराया और संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि पटाखों की बिक्री विस्फोटक अधिनियम के तहत आती है, इसलिए बिना लाइसेंस कारोबार करना अपराध है। यदि दोबारा बिना अनुमति पटाखे बेचे गए तो कानूनी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### बायपास पर गड्ढा पड़ा दुर्घटना का डर



**जीरापुर।** अल्प समय के दौरान ही जीरापुर का बायपास जो सुसनेर खिलचीपुर मुख्य सड़क मार्ग को जोड़ता है उक्त बायपास में गड्ढे पड़े तथा रोड़ से डामर उखड़कर गड्ढा नुमा हो चुका है। नेशनल हाईवे 52 का निर्माण लगभग छह सात माह पहले ही होकर आवागमन शुरू हुआ जहां बायपास में गड्ढे पड़े एवं उखड़ने लगा। खिलचीपुर से सुसनेर मुख्य सड़क मार्ग को जोड़ने वाला नगर जीरापुर के बायपास पर गड्ढे पड़ने से कभी भी कोई हादसा होने की संभावना बनी हुई।अल्प समय में गड्ढे पड़ जाने से यह तय है कि निर्माण में गुणवत्ता कि कमी की झलक नजर आ रही है।साथ ही नियमानुसार देखरेख का अभाव दिख रहा है । गुणवत्ता की कमी के कारण पहली बारिश में ही सड़क की साइड भी कमजोर होने लगी। एडवोकेट लक्ष्मीनारायण मण्डलोई ने कहा कि इस गड्ढे के कारण दुर्घटना होने का डर है गड्ढे के कारण एक प्याज से भरे वाहन से प्याज बिखर कर रोड़ पर फेल गये।'पीडब्ल्यूडी ईई नेशनल हाईवे' ''दीपक असाटी का कहना है कि में कान्ट्रेक्टर से बात करता हूं रोड़ परफार्मेंस में है यदि गड्ढे पड़े हैं तो ठेकेदार द्वारा ठीक किए जायेंगे।

### आगामी आदेश तक प्रभार

## डॉ. रजनीश शर्मा बने सिविल सर्जन, संभाल लिया चार्ज

### मेडीकल एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्वास्थ्य विभाग द्वारा गत दिवस जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह-अस्पताल अधीक्षक डॉ. नितिन पटेल का स्थानांतरण भोपाल किया गया था। पटेल का स्थानांतरण होने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश शर्मा को आगामी आदेश तक सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का प्रभार सौंपा है। इस संबंध में मप्र मेडीकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. आर.एस. माथुर के नेतृत्व में संगठन के जिला पदाधिकारियों ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर को एक पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख है कि शासन के निर्देशानुसार किसी भी वरिष्ठ अधिकारी का ट्रांसफर होने पर उनका चार्ज सीनियरटी के आधार पर वरिष्ठता क्रम में आने वाले डॉक्टर को दिया जाए न कि किसी जूनियर को जिम्मेदारी सौंपी जाए। यदि यह चार्ज जूनियर डॉक्टर को दिया जाता है तो वरिष्ठ डॉक्टर्स में असंतोष पैदा हो सकता है एवं अस्पताल की व्यवस्थाएं सुचारू रखने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में एसोसिएशन ने कलेक्टर से आगृह किया है कि सिविल सर्जन का चार्ज वरिष्ठता क्रम के आधार पर ही दिया जाए।

### पूर्व में भी सिविल सर्जन बनाए जा चुके हैं शर्मा

उल्लेखनीय है कि डॉ. रजनीश शर्मा की बेहतर प्रशासनिक कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें पूर्व भी सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक का दायित्व सौंपा जा चुका है। उनके कार्यकाल में अस्पताल में हुई बेहतर व्यवस्थाओं की आमजनों द्वारा भी सराहना की जाती है।

# व्यापार महासंघ ने कलेक्टर से स्थाई समाधान निकालने की मांग उठाई

### अतिक्रमण से प्रभावित बाजार, शीघ्र ही कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

व्यापार महासंघ के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर सड़क किनारे, फुटपाथ और ठेले पर व्यापार करने वालों के कारण उत्पन्न हो रही अव्यवस्था पर चिंता जताई। व्यापारियों ने कहा कि अतिक्रमण के चलते ग्राहकों को वाहन पार्क करने में परेशानी होती है और आए दिन झगड़े की स्थिति बनती है, जिससे स्थायी दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। महासंघ अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने कहा कि स्थाई दुकानदार लाखों-करोड़ों रुपए निवेश कर व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन फुटपाथ और सड़क किनारे व्यापार करने वालों से उनका धंधा चौपट हो रहा है। नगरपालिका अब तक इन अस्थायी व्यापारियों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं कर पाई है, इसलिए अब स्थायी समाधान आवश्यक है।



**फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को स्थान देने की मांग**

पूर्व अध्यक्ष देवराज अरोरा ने बताया कि पूर्व में प्रशासन ने दुकानदारों को चार फीट तक बोर्ड और तीन फीट तक सीढ़ी रखने की अनुमति दी थी, लेकिन अब सड़कें 30 फीट से घटकर महज 8 फीट रह गई हैं, जिससे आमजन और व्यापारियों दोनों को कठिनाई हो रही है। कलेक्टर से चर्चा के दौरान महासंघ उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने सुझाव दिया कि ठेले और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को नियत स्थान आवंटित किए जाएं। बड़ा बाजार, तिलक चौक, बांसकुली और बड़ी बजरिया क्षेत्र के लिए खाई क्षेत्र, जबकि निकासा, माधवगंज और रेलवे स्टेशन क्षेत्र के लिए मालवीय उद्यान, बालविहार के पीछे तथा कालीदास रंगमंच के पास स्थान तय किए जाएं। रामलीला क्षेत्र के ठेलों को पिछले गेट के पास स्थान दिया जा सकता है। इसके साथ ही चाट, टिकिया, नूडल्स, ईटली, आइसक्रीम आदि के लिए माधव उद्यान के पास फूड जोन या चौपाटी निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और बाजार भी सुव्यवस्थित होगा।

### आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया

# ठगी कर मोबाइल से लगभग डेढ़ लाख की राशि काटकर था फरार

**जीरापुर** - पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे के मार्गदर्शन में एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर के नेतृत्व तथा थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा गठित टीम जिसमें उप निरीक्षक आदित्य सोनी , प्रधान आरक्षक देवेंद्र यादव , आरक्षक आनंदी पाटीदार , एवं प्रधान आरक्षक शशांक सिंह साइबरसेल राजगढ़ ,चेतन चैहान , अंतिम सोलंकी द्वारा साइबर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के आरोपी को अयोध्या उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर पचास हजार रुपए नगदी बरामद किए गए।




पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जगदीश पिता कंवरलाल दांगी उम्र 41 साल निवासी कानडियाखेड़ी हाल मुकाम वार्ड नंबर 15 आवास कॉलोनी जीरापुर के मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन लगाकर जगदीश के अकाउंट से तीन अलग-अलग किस्तों में 149772/रूपए काट लिए गए। आवेदक के आवेदन पत्र की एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जगदीश दांगी के कथनों के आधार पर अज्ञात आरोपी 639740 0 070 वास्तविक मोबाइल नंबर उपयोगकर्ता के विरुद्ध अपराध धारा 318 (4) बीएनएस 74 आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराधों पर नियंत्रण के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी यश कनोजिया को राज्य से बाहर शहादतगंज अयोध्या फैजाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं नगदी बरामद किए गए। पुलिस ने तकनीकी जांच एवं संकलित डिजिटल साक्ष्य के आधार पर पाया की ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर ईमेल आईडी एवं बैंक खातों का संबंध यश कनौजिया से है इसी आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद का जन्मदिवस मनाया



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान प्राचार्य डॉ. हिमांशु चास्टा की अध्यक्षता मे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर राष्ट्रपति एवं शिक्षक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की वैज्ञानिक उपलब्धियां को विस्तार से बताया एवं उनके द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण के अमूल्य योगदान के बारे में समझाया गया। ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार प्रोफेसर मुकेश सेन ने बताया की कैसे वें अपने जीवन में संघर्ष से उत्कर्ष तक पहुंचें।वह एक शिक्षक से सर्वोच्च पद तक पहुंचने की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। इसमें राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. ओ.पी. गुप्ता, डॉ जितेंद्र यादव , डॉ सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ महेश नरवरिया, डॉ रीना पाटीदार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ रश्मि सोनी, कनिज अंसारी, डॉ नेहा गुप्ता. मंगल सिंह झाला, रोहित मालवीय, अनुपम आचार्य, कपिल वैष्णव, विक्रम बिलबाल महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# भेरू दरवाजा रोड की सड़क पर फैली दुकानें बनीं आमजन के लिए परेशानी

### थाना प्रभारी और सीएमओ ने कब्जे हटवकर दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

दीपावली त्यौहार की तैयारियों के बीच शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसी बीच भेरू दरवाजा रोड पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर दस फीट तक फैलाए गए सामान से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। गुरुवार को जाम की स्थिति गंभीर होते ही नगर पालिका और पुलिस प्रशासन हरकत में आया। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभालते हुए अमले के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की अधिकारियों ने भेरू दरवाजा रोड, तरुण चैराहा, सदर बाजार सहित आसपास के इलाकों में सड़क पर रखे अस्थाई ठेले, कपड़ों के स्टॉल, खिलौनों और दीपावली सजावट के सामान को हटवाया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि दीपावली के दिनों में बाजार में भारी भीड़ रहती है, ऐसे में सड़क पर कब्जा जमाने से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि आम नागरिकों को भी परेशानी होती है।अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि अब किसी ने सड़क पर सामान फैलाकर व्यापार किया तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने कहा कि नगर की सड़कें जनता की सुविधा के लिए हैं, इन्हें निजी दुकानों के विस्तार का माध्यम नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान अतिक्रमण रोकने के लिए नगर पालिका का अमला लगातार निगरानी करेगा।



वहीं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने कहा कि दीपावली तक पुलिस की विशेष टीम बाजारों में नियमित रूप से गश्त करेगी ताकि यातायात सुचारू और व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से राहगीरों और खरीदारों ने राहत की सांस ली। कई दुकानदारों ने चेतावनी के बाद स्वयं ही सड़क से अपना सामान समेट लिया। शहरवासियों ने संयुक्त कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदमों से बाजारों में व्यवस्था और सुरक्षा बनी रहती है।

### आत्मनिर्भर व स्वदेशी का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# 60 वर्ष में जिन्होंने कुछ नहीं किया वह हमसे मांगते रहते हैं हिसाब: विधायक मोहन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

गुरुवार को सुबह 11 बजे नगर की कृषि उपज मंडी प्रांगण में मध्य प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश अनुसार आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संगठन के जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत देश में हास्य कवि के रूप में जाने जाने वाले राहुल गांधी उसे पप्पू की तरह है जिसने कक्षा छठी के प्रश्नों का जवाब कक्षा सातवीं की उत्तर पुस्तिका में लिख दिया था। कांग्रेसियों ने नकल में भी अक्ल नहीं लगाई इसलिए वह सत्ता से दूर हो गए। उन्होंने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन में हमने आतंकियों को स्वदेशी शास्त्रों से मारा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047तक देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प ले चुके हैं, इसलिए अब वर्तमान में हमारे देश से वस्तुओं का निर्यात ज्यादा हो रहा है और आयात कम उन्होंने कहा कि निरंतर हम वापस सोने की चिड़यिा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने अपने उद्बबोधन में कहा कि घर-घर स्वदेशी का यह आंदोलन हमारे देश को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा। देश पर बनी वस्तुओं का जब हम उपयोग करेंगे तो हमारी और देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के नहीं थी, विद्यालय भवन नहीं थे, मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, हमने बीते 20सालों में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के बनाई है विद्यालय भवन का निर्माण किया है मूलभूत सुविधाएं दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश पर 60 साल राज किया है वह हमसे हिसाब मांगते हैं। अभी कुछ दिन पहले मुआवजा राशि न मिलने पर सोशल मीडिया पर बातचीतों का सिलसिला जारी हुआ था। हमने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर किसानों की पीड़ा को समझाया है और 18 अक्टूबर को किसानों के खाते में राहत राशि को देने के लिए मुख्यमंत्री धनतेरस पर धन वर्षा ने आ रहे हैं। किसानों को अगर किसी ने दिया है तो भाजपा सरकारों ने दिया है वहीं किसानों की पीड़ा को जानती है। उन्होंने उपस्थित भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सब सार्वजनिक चैराहा चैपाल पर भाजपा सरकार की उपलब्धियां के बारे में बात करें और संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी ने किया आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद ने माना। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश मंडलोई ,देवेंद्र बना, सर्जन सिंह राजपूत, विजय सिंह रुहेला, बृजमोहन गुर्जर, रवि मीणा , पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राधेश्याम पचवारिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, रमेश मालवीय, ज्वाला प्रसाद बुंदेला, गंगा प्रसाद चैधरी, जगदीश रूहेला, आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

